अध्याय 4

# गणितीय आगमन का सिद्धांत

## 4.1 समग्र अवलोकन (Overview)

गणितीय आगम एक तकनीक (technique) है जिसका प्रयोग विविध प्रकार के गणितीय कथनों का सूत्रिकरण करने में किया जा सकता है, जो $n$ के पदों में सूत्रबद्ध हों, जहाँ $n$ एक धन पूर्णांक है।

### 4.1.1 *गणितीय आगमन का सिद्धांत (The principle of mathematical induction)*

मान लीजिए कि प्राकृत संख्या $n$ (धन पूर्णांक) से संबद्ध, P($n$) एक प्रदत्त कथन इस प्रकार है कि,

(i) $n = 1$ के लिए कथन सत्य है, अर्थात्, P(1) सत्य है। (अथवा कथन किसी निश्चित प्राकृत संख्या के लिए सत्य है) और

(ii) यदि कथन $n = k$ के लिए सत्य है, तो कथन $n = k + 1$ के लिए भी सत्य है (जहाँ $k$ एक विशेष किन्तु स्वेच्छ प्राकृत संख्या है), तो कथन P($n$), सभी प्राकृत संख्याओं के लिए सत्य है।

## 4.2 हल किए हुए उदाहरण

### संक्षिप्त (लघु) उत्तरीय प्रश्न

गणितीय आगमन के सिद्धांत का प्रयोग करके, उदाहरण 1 से 5 तक में दिए कथनों को सिद्ध कीजिए ($n \in \mathbf{N}$)

**उदाहरण 1** $1 + 3 + 5 + ... + (2n - 1) = n^2$

**हल** मान लीजिए कि दिया कथन P($n$) है। अत: $P(n) : 1 + 3 + 5 + ... + (2n - 1) = n^2$, सभी $n \in \mathbf{N}$ के लिए, नोट कीजिए कि P(1) सत्य है, क्योंकि

$$P(1) : 1 = 1^2$$

मान लीजिए कि किसी $k \in \mathbf{N}$ के लिए P($k$) सत्य है, अर्थात,

$$P(k) : 1 + 3 + 5 + ... + (2k - 1) = k^2$$

अब, P($k$ + 1) को सत्य सिद्ध करने के लिए, हम देखते हैं कि,

$$1 + 3 + 5 + ... + (2k - 1) + (2k + 1)$$
$$= k^2 + (2k + 1) \qquad \text{(क्यों?)}$$
$$= k^2 + 2k + 1 = (k + 1)^2$$



© NCERT not to be republished

अतः जब कभी $P(k)$ सत्य है तब, $P(k+1)$ भी सत्य है
अतएव गणितीय आगमन के सिद्धांत द्वारा $P(n)$, सभी $n \in \mathbf{N}$ के लिए सत्य है।

**उदाहरण 2** सभी प्राकृत संख्याओं $n \geq 2$ के लिए सिद्ध कीजिए कि $\sum_{t=1}^{n-1} t(t+1) = \frac{n(n-1)(n+1)}{3}$

**हल** मान लीजिए कि सभी प्राकृत संख्याओं $n \geq 2$ के लिए कथन $P(n)$ निम्नवत प्रदत्त है। अर्थात्

$P(n): \sum_{t=1}^{n-1} t(t+1) = \frac{n(n-1)(n+1)}{3}$ सभी प्राकृत संख्याओं $n \geq 2$ के लिए।

हम देखते हैं कि,

$$P(2): \sum_{t=1}^{2-1} t(t+1) = \sum_{t=1}^{1} t(t+1) = 1.2 = \frac{1.2.3}{3}$$

$$= \frac{2.(2-1)(2+1)}{3}$$

अतएव $P(n)$, $n = 2$ के लिए सत्य है।
मान लीजिए कि किसी $n = k \in \mathbf{N}$ के लिए $P(n)$ सत्य है।

अर्थात् $$P(k) : \sum_{t=1}^{k-1} t(t+1) = \frac{k(k-1)(k+1)}{3}$$

अब $P(k+1)$ का सत्य सिद्ध करने के लिए, हम देखते हैं कि

$$\sum_{t=1}^{(k+1-1)} t(t+1) = \sum_{t=1}^{k} t(t+1)$$

$$= \sum_{t=1}^{k-1} t(t+1) + k(k+1) = \frac{k(k-1)(k+1)}{3} + k(k+1)$$

$$= k(k+1)\left[\frac{k-1+3}{3}\right] = \frac{k(k+1)(k+2)}{3}$$

$$= \frac{(k+1)((k+1)-1))((k+1)+1)}{3}$$

अतएव जब कभी $P(k)$ सत्य है, $P(k+1)$ भी सत्य है।

अतः गणितीय आगमन के सिद्धांत से सभी प्राकृत संख्याओं $n \geq 2$ के लिए, $P(n)$ सत्य है।

**उदाहरण 3** सभी प्राकृत संख्याओं $n \geq 2$ के लिए, $\left(1-\frac{1}{2^2}\right).\left(1-\frac{1}{3^2}\right)...\left(1-\frac{1}{n^2}\right)=\frac{n+1}{2n}$

**हल** मान लीजिए कि प्रदत्त कथन P($n$) है, अर्थात् सभी प्राकृत संख्या $n \geq 2$ के लिए,

$$P(n) : \left(1-\frac{1}{2^2}\right).\left(1-\frac{1}{3^2}\right)...\left(1-\frac{1}{n^2}\right) = \frac{n+1}{2n}$$

हम देखते हैं कि P(2) सत्य है, क्योंकि

$$\left(1-\frac{1}{2^2}\right)=1-\frac{1}{4} = \frac{4-1}{4}=\frac{3}{4}=\frac{2+1}{2\times 2}$$

मान लीजिए कि किसी $k \in \mathbf{N}$ के लिए P($n$) सत्य है, अर्थात्,

$$P(k) : \left(1-\frac{1}{2^2}\right).\left(1-\frac{1}{3^2}\right)...\left(1-\frac{1}{k^2}\right)=\frac{k+1}{2k}$$

अब P ($k$ + 1) को सत्य सिद्ध करने के लिए हम देखते हैं कि,

$$1-\frac{1}{2^2} \ . \ 1-\frac{1}{3^2} \ ... \ 1-\frac{1}{k^2} \ . \ 1-\frac{1}{(k+1)^2}$$

$$=\frac{k+1}{2k}\left(1-\frac{1}{(k+1)^2}\right) = \frac{k^2+2k}{2k\,(k+1)} = \frac{(k+1)+1}{2\,(k+1)}$$

अतएव जब कभी P ($k$) सत्य है P($k$ +1) भी सत्य है।

अत: गणितीय आगमन के सिद्धांत से सभी प्राकृत संख्याओं $n \geq 2$ के लिए, P($n$) सत्य है।

**उदाहरण 4** $2^{2n} - 1$ संख्या 3 से भाज्य है।

**हल** मान लीजिए कि प्रदत्त कथन P($n$) है अर्थात् P($n$) : $2^{2n} - 1$, संख्या 3 से भाज्य है (सभी प्राकृत संख्या $n$ के लिए) हम देखते हैं कि, P(1) सत्य है, क्योंकि

$$2^2 - 1 = 4 - 1 = 3.1 \text{ जो संख्या 3 से भाज्य है।}$$

मान लीजिए कि किसी प्राकृत संख्या $k$ के लिए P($n$) सत्य है, अर्थात्

P($k$): $2^{2k} - 1$ संख्या 3 से भाज्य है, अर्थात् $2^{2k} - 1 = 3q$, जहाँ $q \in \mathbf{N}$ अब P($k$ + 1) को सत्य सिद्ध करने के लिए हम देखते हैं कि,

$$P(k+1) : 2^{2(k+1)} - 1 = 2^{2k+2} - 1 = 2^{2k} . 2^2 - 1$$

$$= 2^{2k} . 4 - 1 = 3.2^{2k} + (2^{2k} - 1)$$

© NCERT not to be republished

$$= 3.2^{2k} + 3q$$
$$= 3\,(2^{2k} + q) = 3m, \text{ जहाँ } m \in \mathbf{N}$$

अतएव, जब कभी P($k$) सत्य है, P($k$ +1) भी सत्य है।

अतः गणितीय आगमन के सिद्धांत से, सभी प्राकृत संख्याओं $n$ के लिए, P($n$) सत्य है।

**उदाहरण 5** सभी प्राकृत संख्याओं $n \geq 3$ के लिए $2n + 1 < 2^n$.

**हल** मान लीजिए कि P($n$) प्रदत्त कथन है, अर्थात् सभी प्राकृत संख्याओं $n \geq 3$ के लिए

P($n$) : $(2n + 1) < 2^n$ हम देखते हैं कि P(3) सत्य है, क्योंकि

$$2.3 + 1 = 7 < 8 = 2^3$$

मान लीजिए कि किसी प्राकृत संख्या $k$ के लिए P($n$) सत्य है, अर्थात् $2k + 1 < 2^k$

P($k$ + 1) को सत्य सिद्ध करने के लिए, हमें सिद्ध करना है कि $2(k + 1) + 1 < 2^{k+1}$

अब, $2(k + 1) + 1 = 2\,k + 3$

$$= 2k + 1 + 2 < 2^k + 2 < 2^k \,.\, 2 = 2^{k+1}.$$

अतएव जब कभी P($k$) सत्य है, P($k$ +1) भी सत्य है।

अतः, सभी प्राकृत संख्याओं $n \geq 3$ के लिए, गणितीय आगमन के सिद्धांत द्वारा P($n$) सत्य है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (L.A)

**उदारहण 6** किसी अनुक्रम $a_1, a_2, a_3$... को इस प्रकार परिभाषित कीजिए कि $a_1 = 2, a_n = 5\,a_{n-1}$. जो सभी प्राकृत संख्याओं $n \geq 2$ के लिए,

(i) अनुक्रम के प्रथम चार पद (terms) लिखिए।

(ii) गणितीय आगमन के सिद्धांत का प्रयोग करके सिद्ध कीजिए कि सभी प्राकृत संख्याओं के लिए, अनुक्रम के पद, सूत्र $a_n = 2.5^{n-1}$ को संतुष्ट करते हैं।

**हल**

(i) हम देखते हैं कि, $a_1 = 2$

$a_2 = 5a_{2-1} = 5a_1 = 5.2 = 10$

$a_3 = 5a_{3-1} = 5a_2 = 5.10 = 50$

$a_4 = 5a_{4-1} = 5a_3 = 5.50 = 250$

(ii) मान लीजिए कि प्रदत्त कथन P($n$) है, अर्थात्, सभी प्राकृत संख्याओं के लिए

P($n$) : $a_n = 2.5^{\,n-1}$ हम देखते हैं कि, P(1) सत्य है।

मान लीजिए कि किसी प्राकृत संख्या $k$ के लिए P($n$) सत्य है, अर्थात् P($k$) : $a_k = 2.5^{k-1}$.

अब P ($k$ + 1) को सत्य सिद्ध करने के लिए हम देखते हैं कि,



© NCERT not to be republished

$$P(k+1) : a_{k+1} = 5.a_k = 5 \,.\, (2.5^{k-1})$$
$$= 2.5^k = 2.5^{(k+1)-1}$$

अतएव, जब कभी P($k$) सत्य है, P ($k$ + 1) सभी सत्य है।

अतः, गणितीय आगमन के सिद्धांत द्वारा, सभी प्राकृत संख्याओं के लिए, P($n$) सत्य है।

**उदाहरण 7** बीजगणित (algebra) के वितरण नियम द्वारा सभी वास्तविक संख्याओं $c$, $a_1$ और $a_2$ के लिए, $c\,(a_1 + a_2) = ca_1 + ca_2$.

इस वितरण नियम तथा गणितीय आगमन का प्रयोग करके, सिद्ध कीजिए कि, सभी प्राकृत संख्याओं $n \geq 2$, के लिए, यदि $c, a_1, a_2, ..., a_n$ वास्तविक संख्याएँ हैं, तो

$$c\,(a_1 + a_2 + ... + a_n) = ca_1 + ca_2 + ... + ca_n$$

**हल** मान लीजिए कि P($n$) प्रदत्त कथन है, अर्थात् सभी प्राकृत संख्याओं $n \geq 2$ के लिए यदि $c, a_1, a_2, ......a_n \in$ R, तो $P(n) : c\,(a_1 + a_2 + ... + a_n) = ca_1 + ca_2 + ...\, ca_n$.

हम देखते हैं कि P(2) सत्य है, क्योंकि,

$$c(a_1 + a_2) = ca_1 + ca_2 \qquad \text{(वितरण नियम द्वारा)}$$

मान लीजिए कि किसी-किसी प्राकृत संख्या $k$ के लिए P($n$) सत्य है, जहाँ $k > 2$, अर्थात्,

$$P(k) : c\,(a_1 + a_2 + ... + a_k) = ca_1 + ca_2 + ... + ca_k$$

अब P($k$ + 1) को सत्य सिद्ध करने के लिए, हम देखते हैं कि,

$$P(k+1) : c\,(a_1 + a_2 + ... + a_k + a_{k+1})$$
$$= c\,((a_1 + a_2 + ... + a_k) + a_{k+1})$$
$$= c\,(a_1 + a_2 + ... + a_k) + ca_{k+1} \qquad \text{(वितरण नियम द्वारा)}$$
$$= ca_1 + ca_2 + ... + ca_k + ca_{k+1}$$

अतएव जब कभी P($k$) सत्य है, P ($k$ + 1) भी सत्य है।

अतः गणितीय आगमन के सिद्धांत द्वारा, P($n$) सभी प्राकृत संख्याओं $n \geq 2$ के लिए सत्य है।

**उदाहरण 8** आगमन विधि द्वारा सिद्ध कीजिए कि सभी प्राकृत संख्याओं $n$ के लिए,

$\sin \alpha + \sin (\alpha + \beta) + \sin (\alpha + 2\beta) + ... + \sin (\alpha + (n-1)\, \beta)$

$$= \frac{\sin\left(\alpha + \frac{n-1}{2}\beta\right) \sin\left(\frac{n\beta}{2}\right)}{\sin\left(\frac{\beta}{2}\right)}$$

**हल** मान लीजिए कि सभी प्राकृत संख्याओं $n$ के लिए, P ($n$) : $\sin \alpha + \sin (\alpha + \beta) + \sin (\alpha + 2\beta) + ... + \sin (\alpha + (n-1)\, \beta)$

$$= \frac{\sin\left(\alpha + \frac{n-1}{2}\beta\right)\sin\left(\frac{n\beta}{2}\right)}{\sin\left(\frac{\beta}{2}\right)}.$$

हम देखते हैं कि P (1) सत्य है, क्योंकि

$$P(1) : \sin\alpha = \frac{\sin(\alpha + 0)\sin\frac{\beta}{2}}{\sin\frac{\beta}{2}}$$

मान लीजिए कि किसी प्राकृत संख्या $k$ के लिए $P(n)$ सत्य है, अर्थात्,
$P(k) : \sin\alpha + \sin(\alpha + \beta) + \sin(\alpha + 2\beta) + ... + \sin(\alpha + (k-1)\beta)$

$$= \frac{\sin\left(\alpha + \frac{k-1}{2}\beta\right)\sin\left(\frac{k\beta}{2}\right)}{\sin\left(\frac{\beta}{2}\right)}$$

अब $P(k + 1)$ को सत्य सिद्ध करने के लिए, हम देखते हैं कि,
$P(k + 1) : \sin\alpha + \sin(\alpha + \beta) + \sin(\alpha + 2\beta) + ... + \sin(\alpha + (k-1)\beta) + \sin(\alpha + k\beta)$

$$= \frac{\sin\left(\alpha + \frac{k-1}{2}\beta\right)\sin\left(\frac{k\beta}{2}\right)}{\sin\left(\frac{\beta}{2}\right)} + \sin(\alpha + k\beta)$$

$$= \frac{\sin\left(\alpha + \frac{k-1}{2}\beta\right)\sin\frac{k\beta}{2} + \sin(\alpha + k\beta)\sin\frac{\beta}{2}}{\sin\frac{\beta}{2}}$$

$$= \frac{\cos\left(\alpha - \frac{\beta}{2}\right) - \cos\left(\alpha + k\beta - \frac{\beta}{2}\right) + \cos\left(\alpha + k\beta - \frac{\beta}{2}\right) - \cos\left(\alpha + k\beta + \frac{\beta}{2}\right)}{2\sin\frac{\beta}{2}}$$

© NCERT not to be republished

$$= \frac{\cos\left(\alpha - \frac{\beta}{2}\right) - \cos\left(\alpha + k\beta + \frac{\beta}{2}\right)}{2\sin\frac{\beta}{2}}$$

$$= \frac{\sin\left(\alpha + \frac{k\beta}{2}\right)\sin\left(\frac{k\beta + \beta}{2}\right)}{\sin\frac{\beta}{2}}$$

$$= \frac{\sin\left(\alpha + \frac{k\beta}{2}\right)\sin\,(k+1)\left(\frac{\beta}{2}\right)}{\sin\frac{\beta}{2}}$$

अतएव, जब कभी P ($k$) सत्य है, P ($k$ + 1) भी सत्य है।

अत: गणितीय आगमन के सिद्धांत द्वारा, सभी प्राकृत संख्या $n$ के लिए P($n$) सत्य है।

**उदाहरण 9** गणितीय आगमन के सिद्धान्त द्वारा सिद्ध कीजिए कि सभी प्राकृत संख्या $n$ के लिए, $1 \times 1! + 2 \times 2! + 3 \times 3! + ... + n \times n! = (n + 1)! - 1$

**हल** मान लीजिए कि P($n$) प्रदत्त कथन है, अर्थात्, सभी प्राकृत संख्याओं $n$ के लिए

P($n$) : $1 \times 1! + 2 \times 2! + 3 \times 3! + ... + n \times n! = (n + 1)! - 1$

ध्यान दीजिए कि P(1) सत्य है, क्योंकि

$$P(1) : 1 \times 1! = 1 = 2 - 1 = 2! - 1.$$

मान लीजिए कि किसी प्राकृत संख्या $k$ के लिए P($n$) सत्य है, अर्थात्,

P($k$) : $1 \times 1! + 2 \times 2! + 3 \times 3! + ... + k \times k! = (k + 1)! - 1$

P ($k$ + 1) को सत्य सिद्ध करने के लिए हम देखते हैं कि,

P ($k$ + 1) : $1 \times 1! + 2 \times 2! + 3 \times 3! + ... + k \times k! + (k + 1) \times (k + 1)!$

$$= (k + 1)! - 1 + (k + 1)! \times (k + 1)$$
$$= (k + 1 + 1)\ (k + 1)! - 1$$
$$= (k + 2)\ (k + 1)! - 1 = ((k + 2)! - 1$$

अतएव, जब कभी P ($k$) सत्य है P ($k$ + 1) भी सत्य है। इसलिए, गणितीय आगमन के सिद्धान्त द्वारा सभी प्राकृत संख्याओं $n$ के लिए, P ($n$) सत्य है।

**उदारहण 10** गणितीय आगमन के सिद्धांत द्वारा सिद्ध कीजिए कि श्रेणी (series), $1^2 + 2 \times 2^2 + 3^2 + 2 \times 4^2 + 5^2 + 2 \times 6^2$ ... के $n$ पदों का योगफल $S_n$, निम्नलिखित प्रकार है,

$$S_n = \begin{cases} \dfrac{n(n+1)^2}{2}, & \text{यदि } n \text{ सम है} \\ \dfrac{n^2(n+1)}{2}, & \text{यदि } n \text{ विषम है} \end{cases}$$

**हल** यहाँ $P(n) : S_n = \begin{cases} \dfrac{n(n+1)^2}{2}, & \text{यदि } n \text{ सम है} \\ \dfrac{n^2(n+1)}{2}, & \text{यदि } n \text{ विषम है} \end{cases}$

साथ ही ध्यान दीजिए कि श्रेणी का कोई पद $T_n$ निम्नलिखित प्रकार है,

$$T_n = \begin{cases} n^2 & \text{यदि } n \text{ विषम है।} \\ 2n^2 & \text{यदि } n \text{ सम है।} \end{cases}$$

हम देखते हैं कि P(1) सत्य है, क्योंकि,

$$P(1) : S_1 = 1^2 = 1 = \frac{1.2}{2} = \frac{1^2.(1+1)}{2}$$

मान लीजिए कि किसी प्राकृत संख्या $k$ के लिए $P(k)$ सत्य है, अर्थात्,

**दशा 1** जब $k$ विषम है, तो $k + 1$ सम है। इस प्रकार

$$P(k+1) : S_{k+1} = [1^2 + 2 \times 2^2 + \ldots + k^2] + 2 \times (k + 1)^2$$

$$= \frac{k^2(k+1)}{2} + 2 \times (k + 1)^2$$

$$= \frac{(k+1)}{2} [k^2 + 4(k + 1)] \quad \left(\text{क्योंकि } k \text{ विषम है, } 1^2 + 2 \times 2^2 + \ldots + k^2 = k^2 \frac{(k+1)}{2}\right)$$

$$= \frac{k+1}{2}[k^2 + 4k + 4]$$

$$= \frac{k+1}{2}(k+2)^2 = (k + 1) \frac{[(k+1)+1]^2}{2}$$

अतएव, उस दशा में, जब $k$ विषम है, $P(k + 1)$ सत्य है, जब कभी $P(k)$ सत्य है।

**दशा 2** जब $k$ सम है, तो $k + 1$ विषम है।

अब $P(k+1) : S_{k+1} = [1^2 + 2 \times 2^2 + ... + 2.k^2] + (k+1)^2$

$$= \frac{k(k+1)^2}{2} + (k+1)^2 \text{ क्योंकि } k \text{ सम है}, 1^2 + 2 \times 2^2 + ... + 2k^2 = k\frac{(k+1)^2}{2})$$

$$= \frac{(k+1)^2(k+2)}{2} = \frac{(k+1)^2((k+1)+1)}{2}$$

इसलिए उस दशा में, जब $k$ सम है, P $(k + 1)$ सत्य है, जब कभी P $(k)$ सत्य है। अतएव सभी प्राकृत संख्याओं $k$ के लिए, P $(k + 1)$ सत्य है, जब कभी P $(k)$ सत्य है।

अत: P $(n)$ सभी प्राकृत संख्याओं $n$ के लिए सत्य है।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

*उदाहरण 11 और 12 में सही उत्तर का चयन कीजिए* (M.C.Q.)

**उदारहण 11** मान लीजिए कि P$(n)$ : "$2^n < (1 \times 2 \times 3 \times ... \times n)$", तो न्यूनतम धन पूर्णांक, जिसके लिए P $(n)$ सत्य है,

(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4 है।

**हल** सही उत्तर (D) है, क्योंकि

P (1) : $2 < 1$ असत्य है

P (2) : $2^2 < 1 \times 2$ असत्य है

P (3) : $2^3 < 1 \times 2 \times 3$ असत्य है

लेकिन P (4) : $2^4 < 1 \times 2 \times 3 \times 4$ सत्य है

**उदारहण 12** एक विद्यार्थी को किसी कथन P $(n)$ को गणितीय आगमन द्वारा सिद्ध करने के लिए कहा गया। उसने सिद्ध किया कि, सभी $k > 5 \in \mathbf{N}$ के लिए P $(k + 1)$ सत्य है, जब कभी P $(k)$ सत्य है और यह कि P (5) भी सत्य है। इसके आधार पर उसने निष्कर्ष निकाला कि P $(n)$ सत्य है,

(A) सभी $n \in \mathbf{N}$ के लिए (B) सभी $n > 5$ के लिए

(C) सभी $n \geq 5$ के लिए (D) सभी $n < 5$ के लिए

**हल** सही उत्तर (C) है, क्योंकि P(5) सत्य है, तथा P$(k + 1)$ सत्य है, जब कभी P $(k)$ सत्य है।

**उदाहरण 13** यदि P $(n)$ : "$2.4^{2n+1} + 3^{3n+1}$ सभी $n \in \mathbf{N}$" के लिए, $\lambda$ से भाज्य है, सत्य है, तो $\lambda$ का मान ________ है।

**हल** अब $n = 1$ के लिए,

$2.4^{2+1} + 3^{3+1} = 2.4^3 + 3^4 = 2.64 + 81 = 128 + 81 = 209$,

$n = 2$ के लिए,

$2.4^5 + 3^7 = 8.256 + 2187 = 2048 + 2187 = 4235$

ध्यान दीजिए कि 209 तथा 4235 का म. स. व. (H.C.F.) 11 है। अतएव $2.4^{2n+1} + 3^{3n+1}$ का भाजक 11 है। अतः $\lambda$ का मान 11 है।

**उदाहरण 14** यदि P $(n)$ : "$n \in \mathbf{N}$ के लिए, $49^n + 16^n + k$ संख्या 64 से भाज्य है'' सत्य है, तो $k$ का न्यूनतम ऋण पूर्णांक मान __________ है।

**हल** $n = 1$ के लिए, P(1) : $65 + k$, 64 से भाज्य है, अतः $k = -1$,

क्योंकि $65 - 1 = 64$, संख्या 64 से भाज्य है।

**उदाहरण 15** बताइए कि गणितीय आगमन द्वारा कथन $P(n): 1^2 + 2^2 + ... + n^2 = \frac{n(n+1)(2n+1)}{6}$ की निम्नलिखित उपपत्ति सत्य है या असत्य है।

**उपपत्ति** गणितीय आगमन के सिद्धांत द्वारा $n = 1$ के लिए P$(n)$ सत्य है, क्योंकि

$1^2 = 1 = \frac{1(1+1)(2 \cdot 1+1)}{6}$ पुनः किसी $k \geq 1$ के लिए $k^2 = \frac{k(k+1)(2k+1)}{6}$

अब हम सिद्ध करेंगे कि $(k+1)^2 = \frac{(k+1)((k+1)+1)(2(k+1)+1)}{6}$

**हलः** यह उपपत्ति असत्य (ग़लत) है। क्योंकि आगमन चरण (Induction step) में आगमन परिकल्पना (Induction hypothesis) तथा जो सिद्ध किया जाना है, दोनों ही गलत (दोषपूर्ण हैं)।

## 4.3 प्रश्नावली

### लघु उत्तरीय प्रश्न (S.A.)

**1.** एक ऐसे कथन P$(n)$ का उदाहरण दीजिए, जो सभी $n \geq 4$ के लिए सत्य है किंतु P(1), P(2) तथा P(3) सत्य नहीं है। अपने उत्तर का औचित्य भी बताइए।

**2.** किसी ऐसे कथन P$(n)$ का उदाहरण दीजिए जो $n$ के सभी मानों के लिए सत्य है। अपने उत्तर का औचित्य बताइए।

*गणितीय आगमन के सिद्धांत द्वारा प्रश्न संख्या 3 से 16 तक के कथनों में से प्रत्येक को सिद्ध कीजिए:*

**3.** प्रत्येक प्राकृत संख्या $n$ के लिए, $4^n - 1$ संख्या 3 से भाज्य है।

**4.** सभी प्राकृत संख्या $n$ के लिए, $2^{3n} - 1$, संख्या 7 से भाज्य है।

**5.** सभी प्राकृत संख्या $n$ के लिए, $n^3 - 7n + 3$, संख्या 3 भाज्य है।

**6.** सभी प्राकृत संख्या $n$ के लिए $3^{2n} - 1$ संख्या 8 से भाज्य है।

**7.** किसी प्राकृत संख्या $n$ के लिए $7^n - 2^n$ संख्या 5 से भाज्य है।

© NCERT not to be republished

**8.** किसी प्राकृत संख्या $n$ के लिए, $x^n - y^n$, $x - y$ से भाज्य है, जहाँ $x$ तथा $y$ पूर्णांक है और $x \neq y$.

**9.** प्रत्येक प्राकृत संख्या $n \geq 2$ के लिए, $n^3 - n$, संख्या 6 से भाज्य है।

**10.** प्रत्येक प्राकृत संख्या $n$ के लिए, $n(n^2 + 5)$, संख्या 6 से भाज्य है।

**11.** सभी प्राकृत संख्या $n \geq 5$ के लिए, $n^2 < 2^n$ .

**12.** सभी प्राकृत संख्या $n$ के लिए, $2n < (n + 2)!$

**13.** सभी प्राकृत संख्या $n \geq 2$ के लिए, $\sqrt{n} < \frac{1}{\sqrt{1}} + \frac{1}{\sqrt{2}} + \ldots + \frac{1}{\sqrt{n}}$

**14.** सभी प्राकृत संख्या $n$ के लिए, $2 + 4 + 6 + \ldots + 2n = n^2 + n$.

**15.** सभी प्राकृत संख्या $n$ के लिए, $1 + 2 + 2^2 + \ldots + 2^n = 2^{n+1} - 1$

**16.** सभी प्राकृत संख्या $n$ के लिए, $1 + 5 + 9 + \ldots + (4n - 3) = n\,(2n - 1)$

## विस्तृत उत्तर वाले प्रश्न (L.A)

*निम्नलिखित प्रश्नों में गणितीय आगमन के सिद्धांत का प्रयोग कीजिए:*

**17.** सभी प्राकृत संख्या $k \geq 2$ के लिए, एक अनुक्रम $a_1, a_2, a_3 \ldots,$ $a_1 = 3$ तथा $a_k = 7a_{k-1}$ द्वारा परिभाषित है। सिद्ध कीजिए कि सभी प्राकृत संख्या $n$ के लिए $a_n = 3.7^{n-1}$.

**18.** सभी प्राकृत संख्या $k$ के लिए एक अनुक्रम $b_0, b_1, b_2 \ldots, b_0 = 5$ तथा $b_k = 4 + b_{k-1}$ द्वारा परिभाषित है। गणितीय आगमन के प्रयोग द्वारा सिद्ध कीजिए कि सभी प्राकृत संख्या $n$ के लिए $b_n = 5 + 4n$.

**19.** सभी प्राकृत संख्या $k \geq 2$ के लिए अनुक्रम $d_1, d_2, d_3 \ldots, d_1 = 2$ तथा $d_k = \frac{d_{k-1}}{k}$ द्वारा परिभाषित है। सिद्ध कीजिए कि सभी $n \in \mathrm{N}$ के लिए, $d_n = \frac{2}{n!}$

**20.** सभी $n \in \mathbf{N}$ के लिए, सिद्ध कीजिए कि,

$$\cos\alpha + \cos(\alpha + \beta) + \cos(\alpha + 2\beta) + \ldots + \cos(\alpha + (n-1)\beta)$$

$$= \frac{\cos\left(\alpha + \left(\frac{n-1}{2}\right)\beta\right)\sin\left(\frac{n\beta}{2}\right)}{\sin\frac{\beta}{2}}$$

**21.** सभी $n \in \mathrm{N}$ के लिए, सिद्ध कीजिए कि, $\cos\theta\cos 2\theta\cos 2^2\theta \ldots \cos 2^{n-1}\theta = \frac{\sin 2^n\theta}{2^n \sin\theta}$.

**22.** सभी $n \in \mathrm{N}$ के लिए, सिद्ध कीजिए कि, $\sin\theta + \sin 2\theta + \sin 3\theta + \ldots + \sin n\theta$

$$= \frac{\sin\frac{n\theta}{2}\sin\frac{(n+1)}{2}\theta}{\sin\frac{\theta}{2}}.$$

© NCERT not to be republished

**23.** सभी $n \in \mathbf{N}$ के लिए, सिद्ध कीजिए कि, $\frac{n^5}{5}+\frac{n^3}{3}+\frac{7n}{15}$ एक प्राकृत संख्या है।

**24.** सभी प्राकृत संख्या $n > 1$ के लिए सिद्ध कीजिए कि $\frac{1}{n+1}+\frac{1}{n+2}+...+\frac{1}{2n}>\frac{13}{24}$.

**25.** सभी $n \in \mathbf{N}$ के लिए, सिद्ध कीजिए कि $n$ भिन्न-भिन्न distinct अवयव वाले (अंतर्विष्ट किए हुए) समुच्चय के उपसमुच्चयों की संख्या $2^n$ है।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

*प्रश्न संख्या 26 से 30 में सही उत्तर का चयन कीजिए* (M.C.Q.).

**26.** यदि सभी $n \in \mathrm{N}$ के लिए, $10^n + 3.4^{n+2} + k$, संख्या 9 से भाज्य है, तो $k$ का लघुतम पूर्णांक मान:

(A) 5 (B) 3 (C) 7 (D) 1

**27.** सभी $n \in \mathbf{N}$ के लिए, $3.5^{2n+1} + 2^{3n+1}$, निम्नलिखित में से किस संख्या से भाज्य है:

(A) 19 (B) 17 (C) 23 (D) 25

**28.** यदि $x^n - 1$, $x - k$, से भाज्य है, तो $k$ का न्यूनतम पूर्णांक है:

(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4

*निम्नलिखित प्रश्न में रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:*

**29.** यदि $P(n) : 2n < n!$, $n \in \mathbf{N}$, तो $P(n)$ सभी $n \geq$ ________ के लिए सत्य है।

*बताइए कि निम्नलिखित कथन सत्य है या असत्य है। औचित्य भी बताइए:*

**30.** मान लीजिए कि $P(n)$ एक कथन है और मान लीजिए कि किसी प्राकृत संख्या $k$ के लिए $P(k) \Rightarrow P(k + 1)$, तो $P(n)$ सभी $n \in \mathbf{N}$ के लिए सत्य है।

© NCERT not to be republished